| सत्यमेव जयते | आयुक्त, केंद्रीय वस्तु एवं सेवा कर तथा केंद्रीय उत्पाद शुल्क,मुंबई मध्य का कार्यालय<br>OFFICE OF THE COMMISSIONER OF CGST & CENTRAL EXCISE, MUMBAI CENTRAL<br>वस्तु एवं सेवा कर भवन, 115, महर्षि कर्वे मार्ग,<br>GST BHAVAN, 115, MAHARSHI KARVE ROAD,<br>चर्चगेट स्टेशन के सामने, 400020<br>OPP. CHURCHGATE STATION, MUMBAI 400 020 | राष्ट्र कर बाज़ार |
|---|---|---|

## तिमाही बैठक सह कार्यशाला का कार्यवृत्त

केंद्रीय वस्तु एवं सेवा कर तथा केंद्रीय उत्पाद शुल्क, मुंबई मध्य आयुक्तालय की तिमाही बैठक सह कार्यशाला श्री विवेक पाण्डेय, आयुक्त ,केंद्रीय वस्तु एवं सेवा कर तथा केंद्रीय उत्पाद शुल्क, मुंबई मध्य की अध्यक्षता में दिनांक 27.05.2025 को कार्यालय के सम्मेलन कक्ष में संपन्न हुई । कार्यशाला का कुशल संचालन श्रीमती उर्वशी शर्मा, कनिष्ठ अनुवाद अधिकारी द्वारा किया गया ।

तिमाही बैठक सह कार्यशाला में निम्नलिखित अधिकारीगण/कर्मचारीगण उपस्थित थे |

| क्र. | अधिकारी का नाम (सर्व/श्री/श्रीमती) | पदनाम | तैनाती स्थान |
|---|---|---|---|
| 1. | श्री एम.श्रीकांत | अपर आयुक्त | के.व.एवं से.क. तथा के.उ.शु, मुंबई मध्य |
| 2. | श्री मल्लिनाथ जेउरे | अपर आयुक्त | के.व. एवं से.क. तथा के.उ.शु, मुंबई मध्य |
| 3. | श्री महेश कुमार | उप आयुक्त | मण्डल -II |
| 4. | श्री अभिनव कुमार | उप आयुक्त | कर अपवंचन |
| 5. | श्री सुरई हंसदा | सहायक आयुक्त | मण्डल -VII |
| 6. | श्री संजय प्रजापति | सहायक आयुक्त | के.व. एवं से.क. तथा के.उ.शु, मुंबई मध्य |
| 7. | श्री राजेश डबास | सहायक आयुक्त | के.व. एवं से.क. तथा के.उ.शु, मुंबई मध्य |
| 8. | श्री उदय कन्नन | सहायक आयुक्त | के.व. एवं से.क. तथा के.उ.शु, मुंबई मध्य |
| 9. | श्री प्रवीण कुमार गोखरू | सहायक आयुक्त | मण्डल-V |
| 10. | श्री धर्म सिंह मीना | सहायक आयुक्त | मण्डल-IX |
| 11. | श्री घनश्याम मीना | सहायक आयुक्त | मण्डल-X |
| 12. | श्रीमती सुसन जॉन | सहायक आयुक्त | मण्डल-VIII |
| 13. | श्री अखिलेश कुमार | सहायक आयुक्त | मण्डल-I |
| 14. | श्री एम.के.नरसिम्हा राव | सहायक आयुक्त | मण्डल-III |
| 15. | श्री ह.दे.गवई | सहायक आयुक्त | मण्डल -VI |
| 16. | श्रीमती योगिता मिस्त्री | मुख्य लेखा अधिकारी | मुख्य लेखा अनुभाग |
| 17. | श्री रवि शंकर मीना | अधीक्षक | कानूनी अनुभाग |
| 18. | श्री संतोष कुमार | अधीक्षक | मण्डल- X |
| 19. | श्रीमती सुनीता क्षीरसागर | अधीक्षक | लेखा परीक्षा |
| 20. | श्री विशाल गुप्ता | अधीक्षक | सतर्कता अनुभाग |
| 21. | श्री विशाल गुप्ता | अधीक्षक | मण्डल-IV |
| 22. | श्री धीरज कुमार | अधीक्षक | मण्डल-II |
| 23. | श्री ओम प्रकाश भगतानी | अधीक्षक | धन वापसी अनुभाग |
| 24. | श्री सुरेश कुमार पद्मनाथन पिल्लई | निरीक्षक | आर.टी.आई. अनुभाग |
| 25. | श्री किशोर भादरका | निरीक्षक | मण्डल -IV |
| 26. | श्री शुभम नरवाल | निरीक्षक | मण्डल-III |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 27. | श्रीमती उर्वशी शर्मा | क. अनुवाद अधिकारी | हिंदी अनुभाग |

बैठक में सर्वप्रथम कनिष्ठ अनुवाद अधिकारी ने अध्यक्ष महोदय तथा उपस्थित समिति सदस्यों का स्वागत किया एवं समिति को आयुक्तालय की राजभाषा कार्यान्वयन संबंधी गतिविधियों की जानकारी दी ।

तत्पश्चात कार्यसूची के अनुसार चर्चा करते हुए अध्यक्ष महोदय ने निम्न लिखित निर्देश दिए:-

1. हिंदी में कार्य की अनिवार्यता बढ़ाएँ । वरिष्ठ अधिकारी हिंदी में कार्य करने वाले अधिकारियों को प्रोत्साहित करें ।
2. राजभाषा अधिनियम 1963 की धारा 3/3 के अधीन दस्तावेज़ों को अनिवार्यतः द्विभाषी रूप में जारी करें ।
3. राजभाषा तिमाही प्रगति रिपोर्ट समयानुसार भेजी जाएँ। तिमाही समाप्त होने पर आगामी माह की **05 तारीख** तक रिपोर्ट राजभाषा कक्ष में पहुँच जानी चाहिए जिससे कि माह की 15 तारीख तक उसे राजभाषा विभाग तथा बोर्ड कार्यालय में भेजा जा सके ।
4. राजभाषा तिमाही रिपोर्ट पर मण्डल तथा अनुभाग प्रभारी (उप/सहायक आयुक्त) दिए गए आंकड़ों की सत्यता की पुष्टि करते हुए हस्ताक्षर करें।
5. सभी प्रकार के अग्रेषण पत्र हिंदी में ही हस्ताक्षरित कर हिंदी में ही जारी किए जाएँ ।
6. ई-ऑफिस के हिंदी टिप्पणियों/प्रारूपों (नोटिंग/ड्राफ्टिंग) को समेकित करते हुए प्रामाणिकता के साथ राजभाषा तिमाही रिपोर्ट में भरें ।
7. **हिंदी में कार्यसाधक ज्ञान रखने वाले एवं प्रवीणता प्राप्त अधिकारी अपना 100 प्रतिशत कार्य हिंदी में ही करें ।**
8. जिन मंडलों एवं अनुभागों का हिंदी टिप्पण प्रतिशत निर्धारित लक्ष्य से कम हैं वे लक्ष्यानुसार हिंदी टिप्पण लेखन में वृद्धि करें । ई- ऑफिस में उपलब्ध कराए गए निर्धारित वाक्यों का प्रयोग कर वांछित लक्ष्य की प्राप्ति की जा सकती है ।
9. 'क' एवं 'ख' क्षेत्र से अंग्रेजी में प्राप्त पत्रों का उत्तर हिंदी अथवा द्विभाषी रूप देने का अधिकाधिक प्रयास करें ।
10. आयुक्तालय के ईलेक्ट्रोनिक सूचना बोर्ड पर हिंदी सुविचार मराठी अनुवाद के साथ प्रतिदिन लगाएँ ।
11. जनता के लिए सूचनार्थ लगाया गया आयुक्तालय का नामपट्ट त्रिभाषा सूत्रानुसार (यथा मराठी, हिंदी तथा अंग्रेजी में) क्रमवार निर्मित कर लगाया जाए ।
12. **ई- ऑफिस में राजभाषा में किए गए कार्यों के आंकड़ों को हिंदी अनुभाग द्वारा विश्लेषित किया जाए तथा कार्यों में सुधार और वृद्धि हेतु संबन्धित अनुभागों से संपर्क किया जाए ।**

राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक की समाप्ति पर कनिष्ठ अनुवाद अधिकारी द्वारा माननीय अध्यक्ष महोदय एवं अन्य उपस्थित सदस्यों के प्रति आभार प्रकट करते हुए कार्यशाला आरंभ की गई । जिसमें कविता वाचन का कार्यक्रम भी रखा गया ।

सर्वप्रथम माननीय आयुक्त महोदय ने प्रख्यात अमेरिकी रेडियो वक्ता और लेखक श्री अर्ल नाइटिंगेल के यू ट्यूब पर उपलब्ध प्रसिद्ध भाषण का हिंदी रूपान्तरण सभी सदस्यों को सुनाया जिसका शीर्षक था - 'द स्ट्रेंजेस्ट सीक्रेट इन द वर्ल्ड' (THE STRANGEST SECRET IN THE WORLD) अर्थात विश्व का एक आश्चर्यजनक रहस्य । श्री अर्ल नाइटिंगेल के इस सारगर्भित भाषण का मर्म ये था कि मनुष्य वही सफल है जिसके जीवन में कोई लक्ष्य है । लक्ष्यहीन मनुष्य जीवन में सफल नहीं हो पाता है । अर्ल नाइटिंगेल का मानना है कि सफलता एक प्रक्रिया है, जो लगातार सीखने और विकास के माध्यम से हासिल की जाती है। वह कहते हैं कि सफलता कभी भी पैसा कमाने का परिणाम नहीं है, बल्कि इसके विपरीत सफलता के परिणाम स्वरूप ही हम धन अर्जित कर पाते हैं।

इस प्रस्तुति के पश्चात सहायक आयुक्त श्री राजेश डबास द्वारा युगांतरकारी कवि श्री रामधारी सिंह दिनकर जी की प्रसिद्ध कविता की प्रभावपूर्ण प्रस्तुति दी गई - जिसका शीर्षक था- "सिंहासन खाली करो कि जनता आती है" जनतंत्र के महत्व पर जोर देती इस कविता में जनता की इच्छा और शक्ति सर्वोपरि बताई गई है ।

इसी क्रम में अधीक्षक श्री ओ. पी. भगतानी द्वारा मशहूर शाइर वसीम बरेलवी की प्रसिद्ध ग़ज़ल पेश की जिसका उनवान था -

**उसूलों पे जहाँ आँच आये टकराना ज़रूरी है**

**जो ज़िंदा हों तो फिर ज़िंदा नज़र आना ज़रूरी है....**

इन रोचक प्रस्तुतियों के साथ ही इस कार्यशाला का समापन हुआ । समिति की सदस्य सचिव श्रीमती उर्वशी शर्मा, कनिष्ठ अनुवाद अधिकारी द्वारा कार्यशाला के सफल आयोजन हेतु उपस्थित अधिकारी समूह का धन्यवाद ज्ञापित किया गया ।

यह कार्यवृत्त माननीय अध्यक्ष सह आयुक्त, केंद्रीय वस्तु एवं सेवा कर तथा केंद्रीय उत्पाद शुल्क, मुंबई मध्य के अनुमोदन से जारी किया जाता है ।

Digitally signed by
SANJAY JAYANTILAL PRAJAPATI
Date: 19-06-2025 14:58:12

फा. सं. II/39 हिंदी 4(1)/2017

मुंबई, दिनांक 03.06.2025

(संजय प्रजापति)

सहायक आयुक्त

के.व. एवं से.क. तथा के.उ.शु.,

मुंबई मध्य